जनसत्ता

मोदी के तीन साल: केंद्र की उपलब्धियों से जनता को रू-ब-रू कराएगी योगी सरकार

विश्नोई ने बताया कि 26 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बनारस एवं गोरखपुर में केंद्र सरकार की तीन वर्षीय उपलब्धियों का उल्लेख करेंगे।

आईएएनएस May 26, 2017 12:12 pm

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। (Image Source: PTI)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के शुक्रवार को तीन साल पूरे होने के मौके पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ व राज्य के लगभग सभी जिलों में सरकार की तीन साल की उपलब्धियों का बखान किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहेंगे तो उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।
मोदी सरकार के तीन साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 26 मई से 31 मई तक निकाय स्तर पर जनता के बीच पहुंचकर उपलब्धियों का उल्लेख करेगी।
प्रदेश महामंत्री सलिल विश्नोई ने बताया कि कि 'मोदी सरकार-बेमिसाल तीन साल' और 'साथ हैं, विश्वास है-हो रहा विकास है' के नारों के साथ सरकार की उपलब्धियों से जनता को रू-ब-रू कराएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री सांसद, विधायक, राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी 26 मई को जिलों में प्रवास पर रहेगें।
विश्नोई ने बताया कि 26 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बनारस एवं गोरखपुर में केंद्र सरकार की तीन वर्षीय उपलब्धियों का उल्लेख करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर झांसी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा कानपुर में रहेंगे।

विश्नोई ने कहा कि बीजेपी संगठन और सरकार के समन्वय से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुंचे और जनता उन योजनाओं से लाभान्वित हो इसी ध्येय के साथ अंत्योदय का संदेश लेकर बीजेपी का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच है।

इसके साथ ही सीएम योगी बिहार दौरे पर भी जाएंगे। वहां वह मोदी सरकार के तीन साल पूरे होने पर जनता को केंद्र के कामों की जानकारी देंगे। योगी की यात्रा का मकसद राज्य की बीजेपी ईकाई में जोश भरने और जान फूंकने के लिए हैं। साथ ही अगस्त में होने वाली आरजेडी की रैली की हवा निकालने की है। अगस्त में प्रस्तावित आरजेडी की रैली में विपक्ष के कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।
राज्य के पूर्व उप-मुख्यमंत्री और बिहार बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने बीजेपी नेताओं के दौरे की पुष्टि की। उन्होंने कहा, "पार्टी के प्रमुख नेता 25 मई से 15 जून के मध्य राज्य में आएंगे। बिहार के दौरा करने वालों में यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और कैलाश विजयवर्गीय शामिल हैं।"